तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री से.
न्यूनतम 20 .5 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

14 फसल अवशेषों को जलाने की बजाय बेहतर प्रबंधन ...



14 सफाई कर्मी के आकस्मिक निधन पर परिवार ...



खबर संक्षेप



नशातस्करी का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

यमुनानगर। करीब डेढ़ महीने पहले 45 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए गए नशातस्कर मामले में पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गत 21 अगस्त को सूचना के आधार पर उनकी सेल की टीम ने बैंक कालोनी निवासी राहुल को 45 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया था कि वह यूपी के गांव दुमझेड़ा निवासी नौशाद से लेकर आया है। तभी से एंटी नारोटिक्स सेल की टीम आरोपी नौशाद की तलाश कर रही थी। इसी तलाश के दौरान सेल की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी मुख्य सप्लायर नौशाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

ऑनलाइन निवेश के नाम पर 24 लाख की धोखाधड़ी

यमुनानगर। ऑनलाइन निवेश में कम समय में मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर करीब 24 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। व्यासपुर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धोबी मोहल्ला निवासी अर्पित ने बताया कि वह साथियों दीपक कुमार, कर्ण गोदयाल और संदीप कुमार के साथ ऑनलाइन निवेश का विकल्प तलाश रहा था। इसी दौरान उसकी पहचान विक्रम और उसकी पत्नी अनीता देवी से हुई। आरोप है कि दोनों ने एलटीवा लाइव वेबसाइट के जरिए निवेश पर अधिक रिटर्न का भरोसा दिलाया। 16 सितंबर 2025 से 30 जनवरी के बीच अलग-अलग समय पर करीब 24 लाख रुपये जमा करवाए गए। रकम और मुनाफा वापस मांगने पर परेशानी हुई। पुलिस लेनदेन और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

कार की टक्कर से दंपति और 7 वर्षीय बेटा घायल

यमुनानगर। रादौर-जठलाना मार्ग पर गांव माधोबांस के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति और उनका सात वर्षीय बेटा घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मंधार निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह पत्नी रजनेश और बेटे यश के साथ मोटरसाइकिल से रादौर से घर लौट रहा था। माधोबांस के पास पुलिया से आगे पहुंचने पर सामने से आ रही काले रंग की वेन्यू कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

न्यू मखीजा कॉलोनी के खेत में मिला युवक का शव

पानीपत। न्यू मखीजा कॉलोनी में खेत में करीब 28-30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से हडक्रंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची। मॉडल टाउन थाना पुलिस, तीनों सीआईए शाखाओं और साइबर सेल ने मौके से साक्ष्य जुटाए। जांच में युवक के सिर पर भारी या धारदार वस्तु से चोट के निशान तथा शव को घसीटे जाने के सुराग मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और कर शव यहां फेंका गया हो सकता है। पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

व्यासपुर अनाज मंडी में किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

यमुनानगर में धान उठान न होने पर किसानों ने मंडी गेट पर जड़ा ताला

नमी जांच में अलग-अलग रीडिंग आने पर उठाए सवाल

- मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी किसानों की फसल
- उठान जल्द नहीं हुआ तो आर पार की लड़ाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





यमुनानगर। भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करते किसान एवं व्यासपुर की अनाज मंडी के गेट पर ताला जड़ते हुए।

भारतीय किसान यूनियन ने व्यासपुर की अनाज मंडी में धान का उठान नहीं होने के विरोध में मंडी गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने मंडी के गेट को ताला जड़ दिया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने सरकार व संबंधित प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही पुलिस व अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर किसी तरह किसानों को समझाकर शांत किया। बुधवार सुबह भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सैंकड़ो किसान जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी के नेतृत्व में व्यासपुर की अनाज मंडी के गेट पर एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान किसानों ने मार्केट कमेटी के कार्यालय में अधिकारियों से मिलने का प्रयास किया। मगर मार्केट कमेटी कार्यालय में किसी अधिकारी ने उनसे बात नहीं की। जिसके बाद किसानों ने मंडी के गेट को ताला जड़ दिया और गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन करने लगे। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी ने बताया कि मंडी में किसानों की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है। शेड के नीचे खरीदी जा चुकी फसल रखी है। लेकिन उसका उठाान नहीं हो रहा है। ऐसे में किसानों को मजबूरी में अपने धान को बेचने के लिए खुले आसमान के नीचे रखना पड़ रहा है। बारिश होने के कारण खुले में पड़ी फसल भीगकर नष्ट हो सकती है। जिससे किसानों को भारी नुक्सान हो सकता है। मगर प्रशासन द्वारा किसानों की सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान करीब छह महीने तक अपना खून पसीना बहाकर फसल को पैदा करता है। ताकि फसल बिकने पर उनके परिवार खुशहाल बन सकें। मगर अनाज मंडियों में पहले से खरीदी गई धान के ढेर लगने होने से किसानों को मंडियों में धान की फसल बेचने के लिए जगह नहीं मिल रही है। यदि मंडी से धान का उठान नहीं हुआ तो किसान आरपार की लड़ाई लड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने धान की नमी की जांच को लेकर भी सवाल खड़े किए। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी ने आरोप लगाया कि मार्केट कमेटी की मशीन और आढ़ती की मशीन से धान की नमी की अलग अलग रीडिंग आ रही हैं। किसानों का कहना है कि नमी को लेकर स्पष्टता नहीं होने से भी उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कम दामों में धान की फसल खरीदी जा रही है।

किसानों के हित में समय से पहले शुरू हुई धान खरीद : राणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों के हित में प्रदेश में धान की खरीद निर्धारित समय से पहले 29 सितंबर से शुरू कर दी गई है। खरीद प्रक्रिया 15 नवंबर तक चलेगी। मंत्री बुधवार को लाडवा और बाबैन अनाज मंडियों के दौरे पर थे। उन्होंने किसानों, आढ़तियों, राइस मिलरों, व्यापारियों और अधिकारियों से बातचीत कर खरीद व्यवस्था की जानकारी ली तथा अधिकारियों के सामने धान की नमी की जांच भी करवाई।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए धान का 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। प्रदेश की 249 मंडियों व खरीद केंद्रों पर धान की खरीद की जा रही है। पारदर्शिता के लिए सभी मंडियों और खरीद केंद्रों को जियो-फेंसिंग सुविधा से जोड़ा गया है।

ट्रेन की चपेट में आने के बाद नहर में गिरने की आशंका, तलाश जारी

करनाल। करनाल में बुधवार दोपहर एकता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति के नहर में गिरने की आशंका जताई गई है। घटना के बाद मौके पर केवल खून के छींटे और मांस के कुछ टुकड़े मिले।

- ट्रैक पर मिले खून के छींटे और मांस के टुकड़े

जीआरपी मृतक की पहचान नहीं कर सकी है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि ट्रेन की चपेट में महिला आई या पुरुष। पश्चिमी यमुना नहर में गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। जीआरपी को लोको पायलट ने सूचना दी कि ट्रैक पर कोई व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आया है। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आसपास जांच की। घटनास्थल पर शरीर का कोई ऐसा हिस्सा नहीं मिला, जिससे पहचान हो सके। जीआरपी की जांच अधिकारी सीमा रानी के अनुसार, लोको पायलट ने व्यक्ति को ट्रेन से टकराते देखा था।



कुरुक्षेत्र। गांव मंगोली जाटान में शोक प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी।

सीएम ने बालक राम सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को अपने पैतृक गांव मंगौली जाटान पहुंचे और 75 वर्षीय बालक राम सैनी के निधन पर उनके परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया। बालक राम सैनी का 26 सितंबर को निधन हुआ था और वे मुख्यमंत्री के पारिवारिक सदस्य व रिश्ते में उनके चाचा लगते थे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा परिवार उनके साथ खड़ा है। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एसडीएम राजेश कुमार सोनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की ठगी

करनाल। कनाडा में नौकरी और परिवार को स्थायी निवास दिलाने के नाम पर करनाल निवासी से करीब 50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि चंडीगढ़ स्थित एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन कंपनी ने अलग-अलग चरणों में रकम लेने के बाद कथित फर्जी दस्तावेज दिए। रकम लौटाने के लिए दिए 14-14 लाख रुपये के दो चेक भी बाउंस हो गए। फूसगढ़ निवासी राजिंद्र के अनुसार, कंपनी ने कनाडा में एलएमआईए के जरिए वर्क परमिट और परिवार का स्थायी निवास दिलाने का भरोसा देकर अप्रैल 2025 से विभिन्न चरणों में रकम ली। बाद में फेडरल कोर्ट में अपील और वकील की फीस के नाम पर भी भुगतान कराया गया। दस्तावेजों में गलतियां मिलने पर शक हुआ। जेएमआईसी रितिका शर्मा के आदेश पर पुलिस ने कंपनी मालिक डेविड अरोड़ा, मनदीप अरोड़ा और कर्मचारियों गुरदीप व सैम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पानीपतः 90 फीट का रावण, 85-85 फीट के कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले होंगे आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री कृष्णा क्लब की ओर से 19 और 20 अक्टूबर को दशहरा ग्राउंड, सेक्टर-24 हुड्डा में दो दिवसीय दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। क्लब के प्रधान वीरेंद्र गुप्ता, अजय सिंगला और क्लब मैनेजर पुनीत बतरा ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सदस्यों की अलग-अलग व्यवस्थाओं में ड्यूटी लगाई गई है।इस बार महोत्सव में 90 फीट ऊंचे रावण तथा 85-85 फीट ऊंचे कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 19 अक्टूबर को शाम 5 बजे ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। शाम 7 बजे सुंदरकांड की प्रस्तुति होगी। रात 8:30 बजे लंका दहन और 8:40 बजे विशेष लाइटिंग व आतिशबाजी की जाएगी। 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे गणेश वंदना होगी और श्रद्धालु दोपहर 3 बजे तक गणेश स्वरूप के दर्शन कर सकेंगे। शाम 5:40 बजे सामूहिक प्रार्थना होगी, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। शाम 5:50 बजे भगवान श्रीराम का प्रकटीकरण और 5:53 बजे रावण वध व दहन होगा। आयोजकों के अनुसार करीब 70 हनुमान सभाओं का पंजीकरण हो चुका है और 170 से 200 सभाओं के शामिल होने की संभावना है।

- 19-20 अक्टूबर को होगा भव्य दशहरा महोत्सव



पानीपत। श्री कृष्णा क्लब द्वारा तैयार कराए जा रहे पुतले।

कुवि में अंतर महाविद्यालयी बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुरू

कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

सफलता के लिए जुनून, कड़ी मेहनत आत्मविश्वास और अनुशासन आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयी पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ मंगलवार को विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में हुआ। 6 से 8 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने अपने विद्यार्थी जीवन के दौरान खेलों से जुड़े अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा किए। बॉक्सिंग एक अनुशासित, साहसिक और लोकप्रिय खेल है, जिसमें सफलता प्राप्त करने के लिए जुनून, कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और अनुशासन आवश्यक हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ी अनुशासित जीवन जीते हैं और निरंतर मेहनत एवं ईमानदारी के साथ अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में हरियाणा सरकार के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बॉक्सिंग के लिए एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में वॉलीबॉल और हॉकी के लिए भी एक्सीलेंस सेंटर विकसित किए जाएंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के लिए कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल तथा खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा के सहयोग का आभार व यक्त किया।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल।

प्रो. जितेंद्र शर्मा ने संभाला कुवि के डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट का कार्यभार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र शर्मा ने बुधवार को डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट का कार्यभार संभाला। लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार उनकी नियुक्ति 7 अक्टूबर 2026 से दो वर्ष अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। डॉ. शर्मा ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए कुलगुरु का आभार जताया। उन्होंने कहा कि शोध को बढ़ावा देने, शोधार्थियों और शिक्षकों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा शोध परियोजनाओं और अकादमिक गतिविधियों को गति देने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षक और अधिकारी मौजूद रहे।

ब्राह्मण माजरा के पास वारदात को दिया था अंजाम

हथियार के बल पर लूटपाट में तीन और आरोपी गिरफ्तार



अंबाला। स्नैचिंग, चोरी और लूटपाट की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-नारायणगढ़ की टीम ने गांव ब्राह्मण माजरा के पास हथियार के बल पर लूटपाट के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।परिवादी शुभम ने 12 सितंबर 2026 को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव ब्राह्मण माजरा के पास बदमाशों ने उसे और उसके संबंधी को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल तथा महिला के कान की सोने की बाली और नोजपिन लूट ली और मौके से फरार हो गए। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच सीआईए-नारायणगढ़ को सौंपी गई थी।जांच टीम प्रभारी उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने बताया कि ठोस साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले पटियाला निवासी रजत बलू और देवेंद्र सिंह उर्फ बब्बू को गिरफ्तार किया था। अब तीन अन्य मुख्य आरोपियों पटियाला निवासी भूपिंद्र सिंह उर्फ रिंकू, प्रिंस और लवदीप उर्फ लंबूके को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

दादा की संपत्ति के लिए पोतों ने बेटा दर्शाकर कराया इंतकाल

कोर्ट के आदेश पर दो भाइयों व अधिकारियों पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दादा की संपत्ति हड़पने के लिए जाली दस्तावेज तैयार कर राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत करने और खुद को पोते की जगह बेटा दर्शाकर इंतकाल दर्ज कराने का मामला सामने आया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने दो भाइयों और संबंधित राजस्व अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।रामपुर निवासी प्रदीप कुमार ने अदालत में अर्जी देकर बताया कि उनके दादा बछना राम के नाम मौजा कक्कड़ माजरा में जमीन थी। दादा ने 31 दिसंबर 2013 को वसीयत तैयार कर प्रदीप कुमार के नाम संपत्ति का म्यूटेशन करवाया था। आरोप है कि कुलदीप सिंह और राजेंद्र सिंह, जो बछना राम के पोते हैं, ने राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत कर रिकॉर्ड में खुद को उनका बेटा दर्शाकर अपने पक्ष में इंतकाल दर्ज करा लिया। राजेंद्र ने पहचान छिपाने के लिए आधार कार्ड में नाम बदलकर परवीन भी कर लिया। फर्जीवाड़े का पता चलने पर प्रदीप ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर अदालत का रुख किया। जेएमआईसी डॉ. जितेंद्र कुमार के आदेश पर पुलिस ने अमानत में खयानत, धोखाधड़ी, जालसाजी साजिश समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

सोने की ईंट दबी होने का झांसा देकर 14.60 लाख ठगने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



थाना शहजादपुर पुलिस ने एक शातिर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सुनियोजित साजिश के तहत पीड़ित के घर में सोने-चांदी की ईंटें दबी होने का झूठा झांसा देकर 14 लाख 60 हजार रुपये की ठगी की थी। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक नारायण सिंह ने बताया कि परिवादी अजय निवासी गांव पतरेहड़ीने 19 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार 13 अगस्त 2025 से 23 अगस्त 2025 के बीच आरोपी अब्दुल वाजिद और उसके अन्य साथियों ने आपस में मिलीभगत कर एक गहरी साजिश रची। आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ पीड़ित को यह विश्वास दिलाया कि उसके घर में सोने और चांदी की ईंटें दबी हुई हैं। इस झांसे में लेकर उससे धोखे से 14,60,000/- रुपये की भारी-भरकम रकम हड़प ली। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू की। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 25 जून 2026 को इस मामले में संलिप्त आरोपी अब्दुल वाजिद निवासी डारपुर यमुनानगर और एक महिला को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया था कि इस ठगी के षड्यंत्र में अली अहमद मुख्य रूप से शामिल है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी अली अहमद को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई राशि में से 13,500 रुपये की नकदी बरामद कर ली है।

महिलाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर: प्रीति

यमुनानगर। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। उपायुक्त प्रीति ने उक्त शब्द अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने अधिकारियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा और जनकल्याण की भावना को पहुंचाने के दिए निर्देश। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा और जनकल्याण की भावना को पहुंचाना है। अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसमें सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में देश व प्रदेश की सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने लगा है। स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर महिलाओं को उन्हें अपने हुनर को रोजगार से जोड़ने और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।



तेजली खेल परिसर में कृषि मंत्री ने किया सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ

सभी सेवा व सहयोग का संकल्प लें तो समृद्ध और सशक्त बनेगा समाज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यात्रा को वर्चुअल रूप से किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को तेजली खेल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा को रवाना करने से पूर्व उन्होंने सेवा ज्योति दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिपूर्वक शुरुआत की। मौके पर वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी अपने संबोधन में भाजपा सरकार की नीतियों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।



यमुनानगर। तेजली खेल परिसर में सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि इस कार्यक्रम में हजारों लोगों की संख्या से यह प्रतीत होता है कि जनता भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं के प्रति आश्वस्त है। इस अवसर पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, पूर्व विधायक एवं सफाई आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका, बलवंत सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका समेत कई पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

मिलकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान

मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि देश के माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा जिस प्रकार देश को विकास एवं उन्नति की ऊंची बुलंदियों के शिखर पर ले जाने का कार्य किया गया है वह देश के 140 करोड़ लोगों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश बनाने के लिए हमें आगे आना होगा और यदि हम मिलकर कार्य करेंगे तो अवश्य ही हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाना तथा लोगों को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है। सेवा संकल्प अभियान समाज में सेवा, सहयोग और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का माध्यम है।

सामाजिक समरसता की भावना होगी मजबूत

कृषि मंत्री ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से आमजन को सामाजिक एकजुटता, सेवा भाव और स्वच्छता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जनसेवा और सामाजिक कार्यों में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा को विकास के पथ पर आगे ले जाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। सेवा और सहयोग की भावना से ही एक मजबूत, समृद्ध एवं विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है।

न्यूज डायरी



टीबी से बचाव के लिए विद्यार्थियों का किया ज्ञानवर्धन

रादौर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर की ओर से टीबी अवेयरनेस एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कहा कि विद्यार्थियों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करना तथा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर प्रिंस शर्मा एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंसलर अंकित बिष्ट ने टीबी रोग के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके उपरांत विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से टीबी उन्मूलन एवं जागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में आयुषी ने प्रथम, रूपित ने द्वितीय व अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सृष्टि एवं दृष्टि को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।



समाज को दिशा दिखाने में युवाओं की भूमिका अहम

यमुनानगर। जिला रेडक्रास समिति यमुनानगर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत समिति कार्यालय में आपदा प्रबंधन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के कार्यवाहक सचिव संजीव धीमान ने की। मुख्य वक्ता आपदा प्रबंधन के विशेषज्ञ एवं पैट्रन सोसायटी ऑफ एनवायरमेंट मैनेजमेंट एंड बायो रिसर्च के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. केआर भारद्वाज रहे। भारद्वाज ने बताया कि युवा समाज को दिशा और दशा दिखाने में अहम भूमिका निभा सकता है। यदि आज के प्रशिक्षण से सीख लेकर अपने गन्तव्य पर जाकर अन्य नवयुवकों को जागरूक करेगा तो आपदा के समय नुकसान को कम किया जा सकेगा। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन भारत सरकार, राज्य आपदा प्रबंधन हरियाणा सरकार एवं जिला आपदा प्रबंधन यमुनानगर के बारे में चर्चा की तथा प्रतिभागियों को इन तीनों स्तर पर क्रियान्वित होने वाली गतिविधियों के बारे जागरूक किया। इस अवसर पर रेडक्रास समिति के कार्यवाहक सचिव संजीव धीमान ने कहा कि यमुनानगर बाढ़ संभावित क्षेत्र है तथा समय समय पर बाढ़ से जान व माल की हानी होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे समय में युवाओं की जिम्मेवारी बढ़ जाती है कि वह निःस्वार्थ भाव से रेडक्रास के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं प्रदान करें और दूसरे युवाओं को भी प्रेरित करें।

बिजली के खंभों पर लगे मीटर ने बढ़ाई परेशानी



रादौर। बिजली निगम द्वारा रादौर कस्बा व ग्रामीण इलाकों में खंभों पर बक्सों में लगाए गए मीटर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खंभो पर लगाए गए मीटरों के बक्से टूट चुके हैं। जिनमें से मीटर बाहर निकल गए हैं। जिससे राह चलते लोगों को बिजली का करंट लगने का डर सताने लगा है। कस्बा निवासी प्रदीप, मनीष, दिनेश, अरूण, सचिन व रोहित आदि ने बताया कि बिजली निगम द्वारा कस्बा समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में बिजली के मीटर गली में लगे खंभों पर लगाए गए थे। जिन्हें बक्सों के भीतर लगाया गया था। मगर अब बिजली के खंभों पर लगे अधिकांश मीटरों के बक्से टूट चुके हैं और उनसे मीटर की नंगी तारे खुले में झुल रही हैं। मीटर बॉक्स अधिक ऊंचाई पर न होने के चलते कोई भी बच्चा तारों को छू सकता है। स्थानीय लोगों ने कई बार निगम के अधिकारियों से बिजली मीटर बॉक्स ठीक किए जाने की मांग की। मगर बिजली निगम के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। लोगों ने मीटरों के टूटे हुए बक्सों को जल्द ठीक करवाए जाने की मांग की।

टैलेंट हंट में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा की झलक



रादौर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने, निखारने एवं उन्हें अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक उपयुक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिखा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने गायन, सोलो एवं ग्रुप डांस, शायरी, हरियाणवी डांस, कविता एवं स्पीच समेत कई रचनात्मक गतिविधियों व मिमिक्री आदि की प्रस्तुतियां दीं। संस्थान के निदेशक डॉ.लक्ष्य अग्रवाल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर शालिनी गोयल आदि मौजूद थे।



भक्तों का संग करने से मिलता है आत्मज्ञान

यमुनानगर। श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में जगाधरी क्षेत्र में चल रही श्रीराम कथा के पांचवे दिन बुधवार को कथाव्यास स्वामी रामतीर्थ आचार्य ने श्रद्धालुओं को आत्मज्ञान प्राप्त करने का मार्ग बताया। उन्होंने मौके पर भगवान श्रीराम के वन गमन के प्रसंग को भजन और चौपाइयों के माध्यम से सुनाकर कथाव्यास ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथाव्यास स्वामी रामतीर्थ आचार्य ने फरमाया कि मानव जीवन बड़ी दुर्लभता से मिलता है। मनुष्य को अच्छे लोगों का संग करना चाहिए। क्योंकि अच्छे लोगों और भगवान के भक्तों का संग करने से आत्मज्ञान मिलता है। हमें भगवान के भक्तों की संगत करके आत्मज्ञान प्राप्त करना चाहिए। जिसकी बदौलत मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। स्वामी गौतम ने फरमाया कि यदि मनुष्य योनि प्राप्त करने के बावजूद हम धर्म का पालन नहीं करते और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त नहीं कर सके तो हम में और पशुओं में कोई भी अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने वन गमन के दौरान ऋषियों, संतो महात्माओं को संग किया। उन्होंने वन में वनवास के दौरान विचरण करते समय महर्षियों के दर्शन कर समाज को भगवान और भक्त की मर्यादा के महत्व को समझाया। मौके पर कुसुम लता, रेखा, जयवती, रजनी, महाबीर सिंह, गुलाब सिंह, सावित्री देवी, सुरेशो देवी, बलबीर सिंह व कांता आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने की देते हैं प्रेरणा: ठसका

यमुनानगर। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा साढ़ौरा कालेज में नमो सेवा कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन कर विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने भाग लिया। उन्होंने नुक्कड़ नाट्य मंचन में कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सरहाना की। मुख्यातिथि एवं जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने बताया कि इन नुक्कड़ नाटकों का उद्देश्य बच्चों, युवाओं एवं आमजन तक सेवा भावना, राष्ट्र प्रेम,सामाजिक जिम्मेदारी तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित संदेशों को सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाना है। चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों एवं युवाओं को मनोरंजन के साथ साथ देशभक्ति, सामाजिक सरोकार एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। वहीं, कलाकारों द्वारा डीएवी कॉलेज यमुनानगर, राजकीय कॉलेज आहड़वाला, गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर, डीएवी कॉलेज सढौरा, जीएमएसएसएस स्कूल व्यासपुर व छछरौली समेत विभिन्न स्थानों पर सेवा सेतु अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति तय प्रक्रिया के अनुसार करें आवेदन: प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा सेवा सेतु अभियान के तहत जगाधरी स्थित निगम कार्यालय परिसर में सरकार आपके द्वार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शिविर का किया शुभारंभ और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि शिविर में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और जरूरतों से अधिकारियों को अवगत करवाया। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मौके पर समस्याओं को सुनते हुए पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके साथ ही नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन करने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि सेवा सेतु शिविर का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को पात्र लोगों तक आसानी से पहुंचाना है। इसके तहत नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक ही स्थान पर आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को छोटी छोटी समस्याओं या योजनाओं की जानकारी के लिए अलग अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इसके लिए शिविर के माध्यम से विभागों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।



यमुनानगर। जगाधरी के निगम कार्यालय में आयोजित शिविर में अपनी समस्या अधिकारियों को बताते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

जनता का सहयोग करें अधिकारी

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने नागरिकों को आहवान किया कि वह सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी पात्रता की जानकारी लें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें। अधिकारियों ने भी लोगों को योजनाओं से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए संबंधित विभाग से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में नगर निगम कार्यकारी अधिकारी एवं नगरपालिका रादौर सचिव सुरेंद्र मलिक, सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक अमित कांबोज आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस राज में आसानी से बिकती थी किसानों की फसल : बुबका

जनसंपर्क अभियान के तहत कांग्रेसी नेता ने किया कई गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ !रादौर

युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका ने बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत कई गांवों का दौरा कर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया।

बुबका ने गांव बैंडी, खजूरी, छारी, कामीमाजरा व पलाका आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान उमेश बुबका ने ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ती थी। किसानों की फसल मंडी में जाते ही बिक जाती थी। आढ़ती व किसान एक दूसरे के पूरक थे। आधी रात को भी किसान को यदि पैसों की जरूरत पड़ती थी तो वह आढ़ती का दरवाजा खटखटाता था। उसको आसानी से पैसे की सहायता मिल जाती थी। परंतु भाजपा सरकार ने किसान व आढ़ती के रिश्ते को खत्मा कर दिया है। आज किसान को अपनी फसल बेचने के लिए मंडी में भी नाको चने चबाने पड़ रहे हैं। वहीं फसल बिकने पर भी उसको सीधे पैसे नहीं मिलते। यदि उठान न हो तो किसान का भुगतान रोक दिया जाता है। जिसका सीधा मतलब है कि किसान का भुगतान अब राइस मिलर तय करेंगे। यदि राइस मिलर उठान करेगा तो किसान के खाते में भुगतान आयेगा अन्यथा नहीं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की सरकार आते ही यह सब व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी और किसान को पहले ही तरह सुविधाएं दी जाएंगी।

मौके पर सोनू, कृष्ण, अंकुश, प्रेमपाल, अजय, संदीप, मोहन लाल, मुस्तफा, अकबर, दीपक व मनीष आदि मौजूद थे।



रादौर। ग्रामीणों को संबोधित करते युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका। फोटो : हरिभूमि

मारपीट करने पर पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

यमुनानगर। गांव बिजौली में युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव इस्माइलपुर निवासी चमन लाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पांच अक्टूबर को गांव बिजौली में किसी काम से गया था। इस दौरान वहां पर उसकी इकबाल व इकराम के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने अपने साथियों बग्गू साहिल व मिर्जा के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मेयर सुमन बहमनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई

पीएम के 25 वर्षों की सेवा ने बदली भारत की विकास गाथा

आज गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के हित को सरकार दे रही प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा कार्यों के 25 वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की मेयर सुमन बहमनी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक जीवन की यात्रा 25 वर्षों में सेवा, सुशासन, विकास और राष्ट्र निर्माण की यात्रा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवाओं के अवसर, आधुनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल तकनीक को विकास की प्राथमिकताओं में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, जन धन योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से आमजन से जुड़े विषयों को प्राथमिकता मिली है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया और यूपीआई ने नागरिक सेवाओं तथा डिजिटल भुगतान को नई गति दी है। वहीं, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत ने उत्पादन, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया। अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में भी भारत ने अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है।



यमुनानगर। नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी प्रधानमंत्री को उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरा होने पर बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

दुनिया में मजबूत हुई है भारत की छवि

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि जी 20 की अध्यक्षता और चंद्रयान 3 की सफलता ने वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती क्षमता और पहचान को मजबूत किया। प्रधानमंत्री का विकसित भारत 2047 का विजन प्रत्येक नागरिक को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधुनिक सुविधाओं के साथ सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने का संकल्प है। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवा, महिलाएं, किसान, श्रमिक, उद्यमी और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए देश को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने की बात कही।

मकान में सफाई करते समय महिला का बैग चोरी

यमुनानगर। जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित एक मकान में सफाई करने के दौरान एक महिला का पैसों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में दस हजार रुपये अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक शहर के दुर्गा गार्डन निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हुड्डा सेक्टर 17 स्थित मकान में साफ. सफाई का काम करती है। वह रोजाना की तरह सुबह करीब 11 बजे काम करने के लिए मकान में पहुंची थी। काम शुरू करने से पहले उसने अपना बैग घर की सीढ़ियों पर रख दिया था। काम पूरा करने के बाद जब उसने बैग संभाला तो वह वहां नहीं मिला। महिला के अनुसार बैग में करीब 10 हजार रुपये अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

खबर संक्षेप

कल निकलेगी भव्य राम बारात : राजेश वर्मा

लाडवा। श्रीराम हनुमान रामलीला समिति लाडवा द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला के अंतर्गत 9 अक्टूबर को भव्य राम बारात का आयोजन किया जाएगा। राम बारात को लेकर समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बारात में राजा दशरथ के साथ प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों की घुड़चढ़ी की रस्म श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगी। चारों भाइयों की घुड़चढ़ी की रस्म सत्यम एन्क्लेव स्थित श्री अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान दुर्गेश गोयल एवं भाविप के पूर्व प्रधान अमन गोयल के निवास स्थान पर धूमधाम से आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात राम बारात नगर खेड़े पर पहुंचेगी, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बारात नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी।

मरणोपरांत बलविंदर कौर के नेत्र दान किए

पिहोवा। कहते हैं कि इंसान इस दुनिया से चला जाता है, लेकिन उसके अच्छे कर्म हमेशा उसे लोगों के बीच जीवित रखते हैं। ऐसा ही एक भावुक और प्रेरणादायक उदाहरण हरिगढ़ भोरख निवासी 85 वर्षीय सचखंडवासी माता बलविंदर कौर ने पेश किया। बीमारी के लंबे दौर के बाद सोमवार रात 5 तारीख को उनका निधन हो गया, लेकिन जाते-जाते भी वह दो जरूरतमंद लोगों के जीवन में उजाला करने की उम्मीद छोड़ गईं। माता बलविंदर कौर डेरा सच्चा सौदा की अनुयायी थीं।

महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

लाडवा। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को पूरे समाज के साथ मिलकर मनाने के उद्देश्य से अग्रवाल सभा लाडवा की ओर से 11 से 18 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार सुबह वार्ड नंबर-15 में महेश गोयल के निवास स्थान पर अग्रवाल सभा की ओर से नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभा में महाराजा अग्रसेन जी और माता लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही सत्संग का आयोजन भी हुआ।

साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए ह्यसड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेश पाराशर ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की आवश्यकता है।



वरिष्ठ नागरिकों से ली समस्याओं की जानकारी

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में प्रेरणा वृद्ध आश्रम, कुरुक्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता मंजू रानी ने प्रेरणा वृद्ध आश्रम का दौरा किया तथा वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को नालसा योजना, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा रही हैं। निःशुल्क कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कैबिनेट मंत्री ने विकसित भारत सेवा संकल्प चौक का किया अनावरण

जनभागीदारी से ही वर्ष 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा का सफर देश के लिए प्रेरणास्रोत है। 7 अक्टूबर का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने अपना लंबा जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है और इसी संकल्प को मजबूती देने के लिए सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया है। हम सब को मिलकर इस सपने को साकार करना है। सेवा, संकल्प और जनभागीदारी से ही विकसित भारत बनेगा। विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को केशव पार्क (थीम पार्क) में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार का उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विकसित भारत सेवा संकल्प चौक का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित अन्य अतिथियों ने मशाल प्रज्ज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान वंदे मातरम के उद्घोष ने सभी के अंदर उत्साह भर दिया।





कुरुक्षेत्र। विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना एवं अन्य व नवनिर्मित विकसित भारत सेवा संकल्प चौक।

कई बड़े प्रोजेक्टों की सौगात दी: सुधा

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिले को कई बड़े प्रोजेक्टों की सौगात दी है। इनमें रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कर 5 फाटकों से निजात दिलवाई है। महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर की लगातार पहचान बढ़ रही है। नेशनल हाईवे 152डी से हरियाणा को तीन घंटे में कवर करना आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाएं पहले भी होती थी, लेकिन इसका सही लाभ संबंधित लोगों को मिलने में परेशानी होती थी। ऐसे में प्रधानमंत्री ने योजनाओं की समीक्षा करके इनमें सकारात्मक बदलाव किए। ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

लोगों ने जनकल्याण का संकल्प लिया

कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में बुधवार को सेवा ज्योति कार्यक्रम के तहत सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। केशव पार्क से शुरू हुई यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए रेलवे रोड पहुंची, जहां चौक का नामकरण सेवा संकल्प चौक किया गया। कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से संबोधित किया। उपस्थित लोगों ने उनका संबोधन सुना और सेवा व जनकल्याण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन गुरनाम सैनी, सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, एडीसी पंकज सेतिया, एसडीएम अमन कुमार, चेयरमैन गुरनाम सैनी, वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सैनी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, चेयरपर्सन माफी ढांडा, साहिल सुधा, राहुल राणा, सुशील राणा, आशीष चक्रपाणी, रमणीक सिंह, बीबी करतार कौर, राजकुमार सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी : डॉ. श्रीप्रकाश

कुरुक्षेत्र। भारतीय संस्कृति में परिवार समाज की सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण रूपरेखा में एक है, जो बच्चों के व्यक्तित्व विकास तथा नैतिक मूल्यों के निर्माण में अपनी केंद्रीय भूमिका निर्धारित करता है। आधुनिक युग में वैश्वीकरण, शहरीकरण और तकनीकी परिवर्तन के कारण पारिवारिक परिवेश में व्यापक बदलाव हुए हैं, जिसका प्रभाव बच्चों के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा बच्चों के समग्र विकास में नैतिक,सामाजिक एवं परिवारिक मूल्यों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। शिक्षा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पिपली चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण

- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण जरूरी : डॉ. रघबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा की कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों ने पिपली चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, वन्यजीवों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें कक्षा-कक्ष से बाहर मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करना था। विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने पिपली चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों को देखा और उनके बारे में रोचक जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चिड़ियाघर में विभिन्न वन्यजीवों एवं पक्षियों को देखकर खूब उत्साह एवं प्रसन्नता व्यक्त की।



विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि केवल पुस्तकीय ज्ञान ही विद्यार्थियों के विकास के लिए पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभव भी प्रदान किए जाने चाहिए। ऐसे भ्रमण बच्चों में जिज्ञासा, निरीक्षण क्षमता एवं प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना विकसित करते हैं।

भगवान राम ने आदर्श और मर्यादा की स्थापना के लिए लिया जन्म : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा शहर की धार्मिक, सांस्कृतिक व मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा प्रभु श्री रामलीला मंचन के तीसरे दिन मंगलवार को राम जन्म का भव्य मंचन किया गया। राम जन्म के अवसर पर रामलीला मैदान में श्रद्धा, उत्साह और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान दीपक सिंघल, स्वर्णकार समाज के जिला उपाध्यक्ष सुंदर लाल वर्मा, पैराडाइस यूथ एसोसिएशन के चेयरमैन रामनाथ वर्मा, अरुण करूड़वाल व संरक्षक रिप्पन गर्ग सहित समिति के सदस्यों ने भगवान विष्णु की आरती करके किया। राम जन्म का मंचन देखने के लिए शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरा रामलीला मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। कलाकारों की शानदार अदाकारी, आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली मंचन ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। राम जन्म के अवसर पर किन्नर समाज द्वारा पारंपरिक बधाई गीत गाकर आनंदोत्सव मनाया गया, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। भगवान राम सहित चारों भाइयों के जन्म और नामकरण के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा रामलीला मैदान गूंज उठा।



एमएसपी में 25 रुपये की बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक: गुरविंदर



गुरविंदर सिंह बबला।

कुरुक्षेत्र/शाहबाद। केंद्र सरकार द्वारा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किए जाने पर इनेलो किसान मोर्चा के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व छात्र नेता गुरविंदर सिंह बबला ने सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि गेहूं के भाव में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी यानी केवल 25 पैसे प्रति किलो की वृद्धि किसान की बढ़ती लागत के सामने ऊंट के मुंह में जीरा है। गुरविंदर सिंह बबला ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके देश का पेट भरता है। डीजल, खाद, बीज, कीटनाशक, सिंचाई, मजदूरी और कृषि मशीनरी के खर्च लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन जब किसान की फसल का मूल्य तय करने की बारी आती है तो सरकार किसानों के साथ मजाक करने का काम करती है। उन्होंने इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला द्वारा गेहूं के एमएसपी में मामूली बढ़ोतरी का खुलकर विरोध किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि अभय सिंह चौटाला लगातार किसानों, मजदूरों और ग्रामीण वर्ग की आवाज मजबूती से उठाते रहे हैं। इनेलो ही ऐसी पार्टी है जो किसान के खेत और उसकी समस्याओं को समझती है।

आज से होंगे विभिन्न आयोजन, 18 हवन कुंडों में होगा यज्ञ

श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत मनाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह

अग्रसेन चौक पर तिलक-माल्यार्पण व पुष्पवर्षा के बाद शाम को कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत (रजि.) एवं श्रीअग्रसेन यूथ एसोसिएशन की ओर से 8 से 11 अक्टूबर तक विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समारोह को लेकर पंचायत की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, एकता, सेवा और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना है। इसी उद्देश्य से चार दिवसीय कार्यक्रमों की शृंखला तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रमों में समाज के लोगों के साथ शहरवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर निमंत्रण दिया जा रहा है। प्रधान विशाल सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को समानता, सहयोग, सेवा और परस्पर भाईचारे का संदेश दिया था। आज भी उनके सिद्धांत समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



कुरुक्षेत्र। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी देते श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला व अन्य पदाधिकारी।

प्रतियोगिताओं से होगा कार्यक्रमों का शुभारंभ

विशाल सिंगला ने बताया कि 8 अक्तूबर को सुबह 9 बजे अग्रवाल धर्मशाला, मोती चौक में पेंटिंग, म्यूजिकल चेयर और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 9 अक्तूबर को सुबह साढ़े 9 बजे अग्रसेन पब्लिक स्कूल, सेक्टर-13 में कोरियोग्राफी प्रतियोगिता होगी। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। 10 अक्तूबर को हरिओम मंदिर में सुंदर कांड का पाठ होगा।

शाम को होगा कवि सम्मेलन

मुख्य समारोह की कड़ी में शाम 7 बजे अग्रसेन पब्लिक स्कूल, सेक्टर-13 के ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं हरियाणा भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता तथा हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

11 अक्तूबर को होंगे मुख्य धार्मिक कार्यक्रम

11 अक्टबर, रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। सुबह 9 बजे अग्रवाल धर्मशाला, मोती चौक में 18 हवन कुंडों में यज्ञ किया जाएगा। 18 हवन कुंड महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। हवन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे अग्रसेन चौक, कुरुक्षेत्र में तिलक, माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा का कार्यक्रम होगा। इस दौरान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया जाएगा। 12:30 बजे अग्रवाल धर्मशाला, रेलवे रोड में स्नेह भोज आयोजित किया जाएगा।

न्यूज डायरी



डॉ. अवनीत सिंह का दायित्व ग्रहण समारोह आज

पिहोवा। भाजपा हरियाणा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच के दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन 8 अक्टूबर 2026, गुरुवार को दोपहर 1 बजे पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में किया जाएगा। समारोह को लेकर डॉ. वड़ैच ने प्रदेशवासियों और विशेष रूप से अपने पिहोवा विस क्षेत्र के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। डॉ. अवनीत वड़ैच ने कहा कि इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की विशेष उपस्थिति रहेगी।



श्रवण लीला और राम जन्म का मंचन

थानेसर। स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क के नजदीक झांसा रोड चौक वाली जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी की रामलीला में बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला देखने आ रहे हैं। संरक्षक संजीव शर्मा पाण्डे ने बताया कि रामलीला के दूसरे दिन मंगलवार रात्रि श्रवण लीला और राम जन्म के दृश्य दिखाए गए। इस अवसर पर जिप के उपाध्यक्ष डीपी चौधरी ने मुख्यातिथि के तौर पर मां शारदा की आरती की जबकि समाजसेवी धीरज गुलाटी विशिष्ट अतिथि रहे। दोनों अतिथियों ने रामलीला आयोजकों को बधाई देते हुए कलाकारों की सराहना की।



'राहुल-प्रियंका गांधी के साथ धक्का-मुक्की निंदनीय'

कुरुक्षेत्र। दिल्ली पुलिस द्वारा लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी को हिरासत में लिए जाने और इस दौरान हुई धक्का-मुक्की को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं के साथ पुलिस का यह व्यवहार लोकतंत्र की हत्या के समान है। सुरेंद्र सैनी ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जनता की आवाज उठा रहे थे, लेकिन भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। दिल्ली पुलिस द्वारा दो बड़े नेताओं के साथ धक्का-मुक्की करना बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है।



दान को जीवन की सेवा भावना बनाएं : डॉ. सुषमा

कुरुक्षेत्र। उदयन केयर संस्था, कुरुक्षेत्र की ओर से डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सेक्टर-5, देवीदासपुरा में दान उत्सव ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें उदयन शालिनियों एवं उदयन केयर आईटी सेंटर के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को खाद्य सामग्री, कपड़े तथा अन्य उपयोगी वस्तुएं वितरित कीं। डॉ. सुषमा शर्मा ने संदेश दिया कि दान को केवल एक दिन की गतिविधि तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।



चार कुलपतियों की नियुक्ति की मांग

कुरुक्षेत्र। हरियाणा में सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की सरकारी पहलों के बीच उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की भागीदारी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रदेश के 24 राजकीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति वर्ग से एक भी कुलपति (वाइस चांसलर) न होने पर समाज के प्रबुद्धजनों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने कड़ा ऐतराज जताते हुए गहरा असंतोष व्यक्त किया है। श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में देख-रेख प्रबंधक कमेटी से धर्म सिंह क्रांति की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि संवैधानिक सिद्धांतों और सामाजिक न्याय के तहत कम-से-कम 4 राजकीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति वर्ग के योग्य शिक्षाविदों को कुलपति नियुक्त किया जाए। इस अवसर पर डॉ. जय भगवान भीमराव आंबेडकर सभा किरमच, सतबीर कोबरा, जोगी राम घराड़सी, कर्मबीर पबनावा, विजेंद्र, उमेद सिंह रंगा आदि मौजूद रहे।

सांसद जिंदल की ओर से मैराथन एथलीट सानिया को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से उभरती हुई मैराथन एथलीट सानिया पांचाल को उनकी अभूतपूर्व खेल उपलब्धि के लिए जिन्दल हाउस में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने सानिया पांचाल को सहयोग राशि का चेक और शुभकामना संदेश सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि सानिया पांचाल ने 'बेटी बचाओ' , पर्यावरण संरक्षण और 'तिरंगे की गरिमा' का संदेश देते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक की कठिन मैराथन दौड़ को महज 99 दिनों में पूरा कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है।

खबर संक्षेप

लंबित नोटिसों के निपटाने के आदेश

शहजादपुर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को ईआरओ-कम-एसडीएम शिवजीत भारती ने एईआरओ एवं सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एसआईआर-2026 के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा लंबित नोटिसों के निपटान सहित मतदाता सूचियों से संबंधित विभिन्न कार्यों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भारती ने एईआरओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ के माध्यम से 7 से 9 अक्तूबर 2026 तक सभी लंबित नोटिसों का निपटान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के संबंध में नोटिस लंबित हैं, संबंधित बीएलओ उनके घर-घर जाकर आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी एकत्रित करें।

पॉक्सो एक्ट पर छात्रों को किया जागरूक

शहजादपुर। सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटीके चेयरपर्सन एवं अतिरिक्त सिविल जज चेतेश गुप्ता के निर्देशानुसार एमआरएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लीगल एड पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार जोली ने पीएलवी मंजीत के साथ कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, 2012 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जौली ने विद्यार्थियों को बताया कि पॉक्सो एक्ट का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लैंगिक उत्पीडऩ, लैंगिक हमले और अश्लील सामग्री से संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना है।

समाधान शिविर में मंत्री विज सुनेंगे समस्याएं

अंबाला। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज अंबाला छावनी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को 8 अक्तूबर वीरवार को दोपहर 12:00 से छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुनेंगे। अंबाला छावनी क्षेत्र के निवासी इस अवधि के दौरान अपनी समस्या लेकर दोपहर 12:00 बजे से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उनसे मिलकर अपनी समस्या रख सकते हैं। जनसमस्याओं को सुनने के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। विज ने कहा कि ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

छठा सांझी उत्सव 10 को विरासत हेरिटेज में

कुरुक्षेत्र। विरासत दि हेरिटेज विलेज जी.टी. रोड मसाना में विरासत हेरिटेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया द्वारा राज्य स्तरीय छठा सांझी उत्सव-2026 का आयोजन 10 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस उत्सव में हरियाणा के अलग-अलग कोनों से लुप्त होती सांझी कला को बचाने के लिए सैंकड़ों महिलाएं भाग लेंगी। यह जानकारी विरासत सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी। विरासत एएचए सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने सांझी उत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 10 अक्टूबर 2026 को अमावस्या के दिन विरासत में सांझी प्रतिभागियों द्वारा सांझी लगाई जाएंगी।

नन्हेड़ा, कोड़वा कलां व बरखेड़ी में लिया जायजा

फसल अवशेषों को जलाने की बजाय बेहतर प्रबंधन कर रहे किसान

- फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन से खेत की मिट्टी की संरचना हो रही बेहतर, दूसरी फसलों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

धान की कटाई के बाद फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन कर किसान पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। इसकी वजह से खेत की मिट्टी की गुणवत्ता और आगामी फसलों को भी लाभ मिल रहा है।

कई प्रगतिशील किसानों ने पराली प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों को अपनाकर इसका सफल उदाहरण प्रस्तुत किया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने गांव नन्हेड़ा, कोड़वा कलां तथा बरखेड़ी सहित विभिन्न गांवों में खेतों का दौरा कर किसानों द्वारा अपनाई जा रही फसल अवशेष प्रबंधन की तकनीकों का जायजा लिया। इस दौरान विषय विशेषज्ञ डॉ. अमित वर्मा, खंड कृषि अधिकारी डॉ. दीपक, डॉ. कुलदीप, सहायक गन्ना अधिकारी डॉ.संकेत, व कृषि अधिकारी डॉ. अपूर्वा भी मौजूद रही। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर पराली प्रबंधन की जानकारी ली। उन्हें फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी दी।



शहजादपुर। खेत में मौके पर पराली प्रबंधन को लेकर किसान से बातचीत करते कृषि अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

15 एकड़ में एक्स सीटू प्रबंधन अपनाया

गांव कोडवा कलां के प्रगतिशील किसान हरनेक सिंह ने करीब 15 एकड़ से अधिक धान के खेत में पराली का एक्स-सीटू प्रबंधन अपनाया है। उन्होंने बताया कि धान की कटाई के बाद आलू की फसल की बुवाई की तैयारी के लिए उन्होंने बेलर मशीन की सहायता से धान के फसल अवशेषों की गांठें बनवाईं और खेत में आवश्यक जुताई के बाद आलू की बुवाई की। हरनेक ने बताया कि फसल अवशेषों को खेत से निकालकर उपयोग करने से खेत में पराली जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन से खेत की मिट्टी की संरचना बेहतर रहती है और आगामी फसलों को भी इसका लाभ मिलता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि धान की पराली को आग लगाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करें।

कई वर्षों से कर रहे पराली प्रबंधन

गांव बेरखेड़ी के किसान गगनदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब तीन एकड़ क्षेत्र में धान की कटाई के बाद पराली की मशीनों की मदद से गांठें बनवाई हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर फसल अवशेष प्रबंधन कर रहे हैं। गेहूं की फसल की बुवाई के लिए वे सुपर सीडर का इस्तेमाल करते हैं, जबकि आलू की फसल लगाने के लिए बेलर मशीन से पराली की गांठें तैयार करवाते हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन से उन्हें खेती में काफी लाभ मिला है तथा खेत की मिट्टी में जैविक पदार्थ की मात्रा बढऩे से मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है।

खेत में किया पराली का प्रबंधन

गांव नन्हेड़ा के किसान सुखबीर सिंह ने भी धान की पराली का उचित प्रबंधन अपनाया है। उनके खेत में धान के फसल अवशेषों को खेत में ही मिलाकर आगामी फसल की तैयारी की गई। उन्होंने बताया कि धान की पराली को जलाने के बजाय खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ता है । गांव नन्हेड़ा में एक किसान द्वारा धान की पराली का इन-सीटू प्रबंधन करते हुए फसल अवशेषों के साथ गोबर की खाद को खेत की मिट्टी में मिलाया गया। इसके बाद आलू की फसल की बुवाई की तैयारी की जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से जैविक पदार्थों की मात्रा मिट्टी में बढ़ जाती है। विशेषज्ञ डॉ. अमित वर्मा ने बताया कि धान की पराली का प्रबंधन मुख्य रूप से इन-सीटू और एक्स-सीटू तकनीक से किया जा सकता है।

फसल अवशेष एकत्रित कर तैयार की जाती हैं गांठें

उन्होंने बताया कि एक्स-सीटू प्रबंधन में पराली को खेत से निकालकर उसका उपयोग अन्य कार्यों में किया जाता है। इसके लिए बेलर, रेक और स्ट्रॉ रेक जैसी मशीनों की मदद से फसल अवशेषों को एकत्रित कर गांठें तैयार की जाती हैं। इन गांठों को विभिन्न उपयोगों के लिए भेजा जा सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अपनी अगली फसल और खेत की स्थिति के अनुसार कृषि विभाग के विशेषज्ञों से सलाह लेकर उपयुक्त मशीन एवं तकनीक का चयन करें। कृषि अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को विभिन्न कृषि मशीनरी पर अनुदान/सब्सिडी उपलब्ध करवाई जाती है।

267326 क्विंटल धान की आवक, अब तक 80805 क्विंटल की खरीद

मंडी में धान के ढेर, उठान का इंतजार मंत्री ने दिए लिफ्टिंग शुरू करने के निर्देश

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी में खरीद व्यवस्था का किया निरीक्षण, किसानों ने धान उठान में तेजी की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अनाज मंडी में धान की बंपर आवक के बीच खरीदी गई फसल के उठान को लेकर किसानों और आढ़तियों की चिंता बुधवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सामने पहुंची। मंडी का दौरा करने पहुंचे मंत्री ने खरीद व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को बुधवार शाम तक खरीदी गई धान की लिफ्टिंग शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीद के बाद फसल मंडी में पड़ी नहीं रहनी चाहिए और उठान में अनावश्यक देरी से किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने मंडी में किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर धान की खरीद, तोल, उठान और भुगतान की स्थिति जानी। इस दौरान किसानों और आढ़तियों ने खरीदी जा चुकी धान का समय पर उठान कराने की मांग रखी। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मार्केट कमेटी सचिव राहुल मेव के अनुसार अनाज मंडी में अब तक 2,67,326 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है, जबकि 80,805 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। धान की खरीद 2,461 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर की जा रही है। ऐसे में मंडी में लगातार बढ़ रही आवक के बीच खरीदी गई फसल का समय पर उठान चुनौती बना हुआ है। मौके पर एसडीएम सतिंद्र सिवाच, मंडी बोर्ड चेयरमैन कुलराज शर्मा, मार्केट कमेटी सचिव राहुल मेव, मंडी बोर्ड उप चेयरमैन योगेश कुमार, मंडी एसोसिएशन प्रधान कंवरजीत सिंह, कुणाल अग्रवाल सहित कृषि विभाग के अधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बराड़ा। अधिकारियों को निर्देश देते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

अनाजमंडी में खरीद से भुगतान तक पूरी प्रक्रिया रखी जाए पारदर्शी और सुचारू, नहीं होगी परेशानी

राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में खरीद से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए और भुगतान एमएसपी के अनुसार सीधे किसानों के खातों में सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने मंडी की सफाई और आवागमन व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान के ढेर और वाहनों के दबाव के कारण मंडी व आसपास की सड़कों पर यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। समय पर लिफ्टिंग होने से मंडी में नई फसल के लिए जगह भी उपलब्ध होगी।इस दौरान मंत्री ने किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए सरकार की ओर से कृषि मशीनों पर 50 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसानों से इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

भाषण प्रतियोगिता में दसवीं की दीपांशी प्रथम



- ऋषि बोधोत्सव के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

ऋषि बोधोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की श्रृंखला की प्रथम भाषण प्रतियोगिता में डीएवी सैनेटरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। अंबाला शहर के सोहन लाल डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में करीब 22 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें डीएवी की कक्षा आठवीं की छात्रा किंजल राणा ने अपनी प्रभावशाली वाकपटुता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में करीब 20 टीमों के बीच कक्षा दसवीं की छात्रा दीपांशी ने अपने ओजस्वी विचारों और प्रभावशाली वक्तव्य से प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयदेव शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

स्वास्थ्य जांच शिविर में छात्रों को दिया स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

अंबाला। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एट होली में बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एमएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से पहुंची विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की तथा आवश्यकता के अनुसार उचित उपचार एवं सावधानियों को लेकर परामर्श दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच बेहद जरूरी है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही बेहतर शिक्षा, कार्यक्षमता और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित में भविष्य में भी स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन में ओवरऑल इंचार्ज सुलतान सिंह, उप-प्रधानाचार्य, कैंप कोऑर्डिनेटर धर्मपाल, हरिचंद सहित संस्थान के अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।





इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर से 84% तक घट सकता है डीजल का खर्च, प्रदेश के 4 जिलों में 11 महीने चला परीक्षण

चंडीगढ़। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन द्वारा आज 'अर्बन अड्डा 2026' में जारी एक नए वास्तविक-प्रदर्शन पायलट अध्ययन के अनुसार, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर डीजल ट्रैक्टरों की तुलना में उतने ही या उससे भी कम समय में खेत का काम पूरा कर सकते हैं, जबकि प्रति एकड़ ऊर्जा लागत में 64% से 84% तक की कटौती करते हैं।भारत में अपनी तरह का यह पहला 11 महीने का अध्ययन, चार हरियाणा जिलों में चार निर्माताओं के पाँच ई-ट्रैक्टर मॉडलों पर आधारित था, जिसमें जुताई, बुवाई, फसल अवशेष प्रबंधन (पराली प्रबंधन) और परिवहन संचालन को शामिल किया गया। यह पायलट प्रोजेक्ट ई-ट्रैक्टर के वास्तविक प्रदर्शन पर मैदानी परीक्षण के प्रमाण तैयार करने वाले शुरुआती प्रयासों में से एक है—यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ अब तक के दावे वास्तविक कृषि परिस्थितियों के बजाय मुख्य रूप से निर्माताओं के विनिर्देशों पर ही निर्भर रहे हैं। अर्बन अड्डा में लॉन्च की गई यह स्टडी, जयेश रंजन, आईएएस विशेष मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी, और शहरी एवं महानगरीय विकास, और डॉ. देबोलिना कुंडु, निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स द्वारा जारी की गई है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब धान की कटाई शुरू हो रही है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पराली जलाने का खतरा फिर से लौट आया है। अध्ययन में पाया गया कि स्ट्रॉ बेलर चलाने वाला एक इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर डीजल ट्रैक्टर की तुलना में प्रति घंटे 17% अधिक बेल्स बनाता है, जबकि लगभग एक-तिहाई ऊर्जा का उपयोग करता है, जिससे फसल अवशेष प्रबंधन अधिक स्वच्छ, सस्ता और तेज हो जाता है।

देश के हर शहर और गली-मोहल्ले तक जाएगी सेवा ज्योति यात्रा: विज

- मोदी ने साल 2001 में ली थी गुजरात में सीएम की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कांग्रेस की स्कैम करने वाली सरकार को हटाकर भारतीय जनता पार्टी की सेवा करने वाली सरकार बनाई है। उन्होंने कहा 2047 का विकसित भारत सिर्फ सरकार का नहीं, हम सभी संकल्प है। विज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 साल जनसेवा में पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत अंबाला शहर पुलिस लाइन में सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 को भारत माता के लाल नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब से अब तक सार्वजनिक जीवन में सेवा करते हुए 25 वर्ष पूर्ण हुए है। इसके उपलक्ष्य में देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा सेवा-संकल्प में दो शब्द हैं, एक सेवा है और एक संकल्प है कि हम किस क्षेत्र में कहां कौन सी सेवा कर सकते है उसका हर नागरिक संकल्प ले कि हम सेवा करेंगे। मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमने सभी ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना है। जो उपलब्धियां हमने हासिल की हैं। जो हमारे अगले ऊंचे लक्ष्य तय किए गए हैं। हर जगह पर उन्होंने मैं नहीं बल्कि हम कहा है जिसमें वो भी है मैं भी हूं।



अंबाला। यात्रा में जोश का संचार करते मंत्री अनिल विज व अन्य।

42 बसों के काफिले में पहुंचे कार्यकर्ता

उन्होंने कहा कि यहां जो चौक बनाया गया है जहां इसे स्थापित किया जाएगा ताकि दीए से दीया, ज्योत से ज्योत जला दो, देश में कहीं भी अंधेरा है तो उसे मिटा दो, ये इस यात्रा का संदेश है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अंबाला छावनी से सैकड़ों की संख्या में 42 बसों के काफिले में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल, पूर्व विधायक पवन सैनी, नगर निगम मेयर अक्षिता सैनी, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, जिलाध्यक्ष मनदीप राणा के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सस्ते दाम पर मार्बल टेक्सचर पेंट उपलब्ध करवाने का झांसा देकर 95,680 रुपये की ठगी

अंबाला। फेसबुक पर सस्ते दामों पर मार्बल टेक्सचर पेंट और 15 साल की गारंटी का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक सरकारी कर्मचारी से धोखाधड़ी कर दी। जालसाजों ने पीड़ित को फर्जी वॉइस मैसेज भेजकर अलग-अलग किस्तों में 95,680 रुपये ठग लिए। गांव ढलीपगढ़ के जसविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि 2 अक्तूबर को फेसबुक चलाते समय उन्हें मार्बल टेक्सचर पेंट्स नाम का एक विज्ञापन दिखा। इस पर व्हाट्सएप नंबर दिया गया था। पीड़ित ने सामग्री की जानकारी ली तो उधर से रंग के शेड्स, डिब्बे के दाम,15 साल की गारंटी और जीएसटी बिल देने का झांसा दिया गया। मकान का क्षेत्रफल पूछने के बाद आरोपियों ने 20-22 डिब्बों की आवश्यकता बताते हुए कुल बिल लगभग 30 हजार रुपये बनाया और सामान वापस लेने का वादा किया। इसके बाद आरोपियों ने एडवांस पेमेंट और एकमुश्त भुगतान के लिए स्कैनर भेजा। जब पीड़ित के गूगल पे से एक बार में पूरी राशि ट्रांसफर नहीं हुई तो ठगों ने छोटी-छोटी किस्तों में पैसे भेजने की सलाह दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

बैठक में ड्यूटी आवंटन और कार्य प्रकृति की जानकारी ली

सफाई कर्मी के आकस्मिक निधन पर परिवार के सदस्य को मिलेगी नौकरी

राष्ट्रीय आयोग के सदस्य ने अधिकारियों को अनुकंपा पर पीड़ित परिवारों को नौकरी देने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य करम सिंह कर्मा तथा हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एडवोकेट संजीव घारू ने बुधवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों तथा उनसे संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उपायुक्त, एसडीएम दर्शन कुमार, अतिरिक्त निगम आयुक्त दीपक सूरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल भी मौजूद रहे। आयोग के सदस्य करम सिंह कर्मा ने उपस्थित नगर निगम, नगर परिषद, नगरपालिका व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं, कार्य व्यवस्था, वेतन, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों के आकस्मिक निधन के बाद उनके परिवार के सदस्य को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दी जाए। आयोग के सदस्य ने अधिकारियों से सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी आवंटन, कार्य प्रकृति तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। सफाई कर्मचारियों से बातचीत के दौरान वेतन, एरियर तथा अन्य सेवा संबंधी विषय बारे भी उनसे जानकारी ली गई। इस पर आयोग सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों की समीक्षा कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा पात्र कर्मचारियों को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते राष्ट्रीय सफाई आयोग के सदस्य।

पेपर मेसी टॉय पर कागज से बनाई 3डी कलाकृतियां

अंबाला। आचार्य रघुबीर पीजी कॉलेज में फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा पेपर मेसी टॉय विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को पेपर मेसी तकनीक के माध्यम से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां एवं 3डी मूर्तियां बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। फाइन आर्ट विभाग के अध्यक्ष डॉ. रणदीप सिंह ने बताया कि माता सुंदरी खालसा गर्ल्स कॉलेज, निसिंग की प्रो. ओशीन सूरी ने विद्यार्थियों को पेपर मेसी की विभिन्न तकनीकों, सामग्री के प्रयोग तथा 3 डी कलाकृतियों के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में स्वयं विभिन्न कलाकृतियां तैयार की, जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा।



The Postal and RMS Employees Co-operative Bank Ltd. Ambala
6070/10, 14 Idgah Road Ambala Cantt., - 133001, Haryana
Website: postalrms.bank.in; Email: hrd@postalrms.bank.in
A Multi State Co-Operative Society registered under the MSCS, Act 2002

NOTICE OF CANCEL

With reference to the Bank recruitment advertisement dated 22.07.2026 whereby applications for different cadre regular posts were invited, it is being brought to the notice of all, that said advertisement stands cancelled by the decision of the Board, with immediate effect. Consequently, the recruitment process for the said posts stand as cancelled.
All the applicants against the post advertised vide advertisement dated 22.07.2026 may take note. No separate or individual communication in this regard shall be made by the Bank.
08.10.2026 Chief Executing Officer